हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 प्रमुख चौक-चौराहों का चौड़ीकरण शुरू, बाद में होगा सौंदर्यीकरण



07 संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए : कलेक्टर



हड़ताल का दूसरा दिन भी बेनतीजा, तीन महीने बाद होगी व्यवस्था की समीक्षा

अब किसी भी सूरत में पुराने बस स्टैंड पर नहीं लौटेंगी बसें : विधायक डॉ. शर्मा

पुराने बस स्टैंड पर बसों के पिक एंड ड्रॉप की मांग को लेकर बस ऑपरेटरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। जिसे लेकर ऑपरेटारों और विधायक के बीच बैठक हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुराने बस स्टैंड पर बसों के पिक एंड ड्रॉप की मांग को लेकर बस ऑपरेटरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और गंतव्य तक पहुंचने के लिए महंगे दामों पर ऑटो व ई-रिक्शा का सहारा लेना पड़ा। इस बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, स्थानीय प्रशासन और बस ऑपरेटरों के बीच हुई वार्ता भी बेनतीजा रही। बैठक के बाद विधायक ने स्पष्ट कर दिया कि अब नए बस स्टैंड से ही बसों का संचालन होगा और किसी भी सूरत में बस स्टैंड को वापस पुराने स्थान पर नहीं लाया जाएगा।



3 महीने बाद होगी समीक्षा, फिर करेंगे विचार

विधायक ने बताया कि बस ऑपरेटरों के सामने तीन महीने तक नए बस स्टैंड से संचालन करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस अवधि के बाद व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दौरान परिस्थितियों और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाएगा कि पुराने बस स्टैंड पर बसों को पिक एंड ड्रॉप की अनुमति दी जाए या नहीं। हालांकि, फिलहाल बसों का संचालन नए बस स्टैंड से ही होगा। ऑपरेटरों ने तीन महीने के इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया, जिसके कारण वार्ता में सहमति नहीं बन सकी।

बस स्टैंड कहां से चलेगा, यह तय करना ऑपरेटरों का काम नहीं

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि बस स्टैंड कहां होगा और बसों का संचालन कहां से किया जाएगा, यह तय करना बस ऑपरेटरों का काम नहीं है। यह सरकार और प्रशासन के अधिकार क्षेत्र का विषय है। जनसुविधा और शहर के सुनियोजित विकास को ध्यान में रखते हुए नए बस स्टैंड से संचालन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निर्णय में कोई बदलाव नहीं होगा। नए बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

सुविधा के लिए बनेंगे प्री-पेड ऑटो पॉइंट

यात्रियों से अधिक किराया वसूले जाने की शिकायतों को दूर करने के लिए नए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर नगर पालिका द्वारा प्री-पेड ई-रिक्शा एवं ऑटो पॉइंट बनाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। इससे यात्रियों को निर्धारित किराये पर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। वहीं, नियमों का उल्लंघन करने या अनफिट पाए जाने वाले बसों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। दूसरी ओर, बस ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते शहर में बस संचालन सामान्य नहीं हो सका और यात्रियों की परेशानी बनी रही।

ओडिशा से आई बालिका को पुनर्वास के लिए भेजा, छिंदवाड़ा में मिली बालिका को किया सुपुर्द

बालिकाओं की तलाश एवं पुनर्वास में सहयोग के लिए मुस्कान संस्था ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुस्कान बालिका गृह में संरक्षित बालिकाओं के पुनर्वास की दिशा में बाल कल्याण समिति के माध्यम से पहल की गई। ओडिशा से आई एक बालिका को संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए उसके गृह राज्य के बालिका गृह पहुँचाया गया। वहीं, संस्था से बिना बताए चली गई और छिंदवाड़ा में अपने परिवार के साथ मिली एक अन्य बालिका को पुलिस ने तलाश कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति के माध्यम से उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओडिशा निवासी बालिका अपनी बहन के साथ ट्रेन से आई थी। उसकी बहन किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई थी। इसके बाद इटारसी रेलवे स्टेशन पर मिली बालिका को बाल कल्याण समिति के माध्यम से मुस्कान बालिका गृह में संरक्षण दिया गया। यहाँ उसकी देखभाल के बाद उसे आगे के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए ओडिशा के बालिका गृह पहुँचाया गया। मुस्कान बालिका गृह से पूर्व में बिना बताए चली गई एक अन्य बालिका छिंदवाड़ा जिले के दामुहा गाँव में अपने परिवार के साथ रह रही थी। संस्था के पास केवल उसके गाँव का नाम उपलब्ध था। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने प्रयास कर उसका पता लगाया। आज बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार पुलिस थाना सुहागपुर के माध्यम से बाल कल्याण समिति के आदेश पर मुस्कान बालिका गृह में आई एक अन्य बालिका का भी आज उसके परिवार में पुनर्वास किया गया।

पहले भी चार बालिकाओं को तलाश चुकी है पुलिस

इससे पहले इटारसी पुलिस संस्था से बिना बताए चली गईं चार बालिकाओं को अलग-अलग स्थानों से दस्तयाब कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर चुकी है। इनमें तीन बालिकाएँ एक साथ संस्था से चली गई थीं। समिति के माध्यम से उनके पुनर्वास की व्यवस्था की गई।

पांच जिलों की बालिकाओं को मिलता है संरक्षण

इटारसी की न्यास कॉलोनी स्थित मुस्कान बालिका गृह में नर्मदापुरम, हरदा, रायसेन, विदिशा एवं खंडवा—पाँच जिलों से बाल कल्याण समितियों के आदेश पर देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाली बालिकाएँ आती हैं। संस्था प्रबंधन के अनुसार, यहाँ उनके रहने, भोजन, शिक्षा, परामर्श एवं देखभाल की व्यवस्था की जाती है। बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार उनके सुरक्षित पारिवारिक पुनर्वास अथवा अन्य उपयुक्त संस्था में संरक्षण के प्रयास भी किए जाते हैं। संस्था प्रबंधन ने बताया कि कुछ बालिकाएँ प्रेम प्रसंग अथवा पारिवारिक विवाद जैसी परिस्थितियों में घर छोड़ देती हैं और बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्था में पहुँचती हैं।

मुस्कान संस्था परिवार ने बालिकाओं की तलाश एवं पुनर्वास में सहयोग के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी सौरव पांडे, एसआई विपिन पाल, श्रद्धा राजपूत, अशोक चौबे, महेंद्र गुर्जर सहित पुलिस थाने की पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया। संस्था ने बालिकाओं की सुरक्षा, देखभाल एवं पुनर्वास के लिए सहयोग जारी रखने की बात कही।

मिठाई-नमकीन सहित 10 नमूने जांच के लिए लिए गए

नर्मदापुरम। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आम नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार ने इटारसी स्थित मिठाई निर्माता एवं विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संदेह के आधार पर नावेल्टी स्वीट एवं राजस्थान स्वीट से मिठाई, नमकीन, सोन पापड़ी, मठरी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 10 नमूने जांच के लिए लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

खड़े डंपर में पीछे से घुसी बाइक, 28 वर्षीय युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला से इटारसी की ओर जा रहे एक बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना सोमवार, 26 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, केसला-इटारसी मार्ग पर सुकून विला के सामने सड़क पर खड़े एक डंपर में पीछे से अपाचे बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान रोहन कास्दे (28 वर्ष), पिता मोतीलाल कास्दे, निवासी बंजारी डाल, भौंरा के रूप में हुई है। बताया गया है कि रोहन अपनी अपाचे बाइक क्रमांक MP 48 ZG 2926 से नर्मदापुरम (होशंगाबाद) की ओर जा रहा था। इसी दौरान सुकून विला के सामने यह हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डंपर की पार्किंग लाइट बंद होने की



बात सामने आई है। हालांकि, हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

घटना की सूचना मिलने पर केसला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सरकारी अस्पताल सुखतवा पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मौके पर सहायक उपनिरीक्षक बदामी पचोरिया, कांस्टेबल संदीप एवं दुर्गा ने पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस द्वारा मामले में विवेचना की जा रही है।

पार्किंग लाइट को लेकर उठे सवाल

हादसे के बाद सड़क पर खड़े भारी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग लाइट को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि डंपर की पार्किंग लाइट बंद थी, तो यह जांच का विषय है कि क्या इसके कारण बाइक चालक को खड़ा वाहन समय पर दिखाई नहीं दिया। पुलिस जांच के बाद ही दुर्घटना के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से रखी पटाखों की 8 पेटियां जब्त, एसडीएम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आवासीय क्षेत्रों में पटाखों एवं आतिशबाजी के अवैध भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार एवं एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संजय नगर, ग्वालटोली क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आवासीय क्षेत्र में रखी पटाखों एवं आतिशबाजी की 8 पेटियां जब्त की गईं। कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बडोले, थाना प्रभारी कोतवाली गौरव बुंदेला सहित राजस्व एवं नगर पालिका का अमला उपस्थित रहा।

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवासीय क्षेत्रों में पटाखों के अवैध भंडारण



पर निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध रूप से पटाखा भंडारण एवं निर्माण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रूप से संबंधितों के विरुद्ध नियम अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

रामजीबाबा परिसर में बही अमृतवचनों की धारा, रामनाम संकीर्तन में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय प्रसिद्ध श्री रामजीबाबा समाधि परिसर में भव्य संकीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और भक्तिभाव के साथ किया गया। अवधूत श्री दादा गुरू के दिव्य सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे परिसर में दिनभर अमृतवचनों की पावन धारा बहती रही, जिससे वातावरण पूरी तरह धर्ममय और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित मधुर रामनाम संकीर्तन में कलाकारों और संतों द्वारा प्रस्तुत भक्तिगीतों ने



उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर और मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन की धुनों पर देर रात तक लीन रहे। शरद पूर्णिमा की मान्यता के अनुसार, कार्यक्रम के अंत में चंद्रमा की किरणों तले रखी गई विशेष खीर महाप्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित की गई, जिसे सभी ने बड़े श्रद्धाभाव से ग्रहण किया।

इस भव्य आयोजन में संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा समाधि के महंत, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, भाजपा नेता महेंद्र यादव, हंस राय, रोहित गौर, जीतू तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेतागण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगर व आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

इटारसी कृषि उपज मंडी में धान और मक्का की हुई बंपर आवक

इटारसी। कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में धान और मक्का की अत्यधिक आवक होने के कारण मंडी के सभी शेड पूरी तरह भर चुके हैं। इसे देखते हुए मंडी प्रबंधन ने आज 27 अक्टूबर 2026 मंगलवार को शाम 05:00 बजे से मंडी में नई कृषि उपज की आवक और प्रवेश बंद कर दिया है। कृषि उपज मंडी समिति के सचिव द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, अब आगामी 29 अक्टूबर 2026 दिन गुरुवार को प्रातः 05:00 बजे से ही किसानों को अपनी उपज की नीलामी हेतु मंडी में प्रवेश दिया जाएगा। मंडी प्रशासन ने सभी क्षेत्र के कृषक बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे इस सूचना का पालन करें और मंडी में सुव्यवस्थित आवक एवं नीलामी कार्य संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने माया नारोलिया ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली स्थित समिति कक्ष क्रमांक 6515, जीपीओए-03 में आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सहभागिता करते हुए राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रयोग और प्रचार-प्रसार को प्रभावी बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता एवं उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग और राजभाषा को प्रोत्साहित करने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।



मूल हिंदी लेखन को मिले प्रोत्साहन

माया नारोलिया ने सुझाव दिया कि कार्यालयीन पत्राचार में अनुवाद पर निर्भरता कम करते हुए सीधे हिंदी में नोटिंग और ड्राफ्टिंग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से त्रैमासिक नकद पुरस्कार अथवा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना शुरू की जा सकती है।

सरकारी कामकाज में तकनीक का उपयोग

उन्होंने सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को सरल, प्रभावी और समयबद्ध बनाने के लिए नवीनतम डिजिटल उपकरणों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इससे हिंदी में प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

हिंदी पखवाड़े में गतिविधियों पर जोर

माया नारोलिया ने हिंदी पखवाड़े को पारंपरिक प्रतियोगिताओं तक सीमित रखने के बजाय महिला एवं बाल विकास से जुड़े विषयों पर लघु फिल्म, पोस्टर और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने का सुझाव दिया। इससे हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इस अवसर पर माया नारोलिया ने कहा कि राजभाषा हिंदी का सम्मान और कार्यालयीन कामकाज में इसका निरंतर बढ़ता प्रयोग हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में शामिल हुए मंजीत कलोसिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवयुवक वाल्मीकि उत्सव समिति द्वारा 26 अक्टूबर को आयोजित जिलास्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कमल पटेल के साथ विशेष अतिथि अनुसूचित जाति बैतूल जिला प्रभारी एवं पार्षद सभापति मंजीत कलोसिया शामिल हुए।

इस अवसर पर मंजीत कलोसिया ने समाज को शिक्षित, संगठित एवं प्रगतिशील बनाने, युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलकर शिक्षित, संगठित और सशक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कलोसिया ने आयोजन के लिए वाल्मीकि समाज, वाल्मीकि



पंचायत, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक दुर्गेश राठौर एवं समस्त आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवरात्र के दौरान विभिन्न स्थानों पर हुई गरबा प्रतियोगिताएं

माँ शैलजा गरबा ग्रुप इटारसी ने बढ़ाया जिले का मान

विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीते प्रथम और द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

माँ शैलजा गरबा ग्रुप इटारसी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन से इटारसी नगर एवं नर्मदापुरम जिले का नाम गौरवान्वित किया। नवरात्रि के दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित गरबा प्रतियोगिताओं में ग्रुप ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अनेक स्थानों पर प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया।

ग्रुप ने बैतूल, सिवनी मालवा, शिवपुरी, नसरुल्लागंज, नर्मदा नगर एवं ग्रामीण अंचल सहित इटारसी सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन



किया। इन प्रतियोगिताओं में मिली सफलता ग्रुप के सदस्यों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, एकजुटता और समर्पण का परिणाम है।

इस उपलब्धि पर ग्रुप के संचालक विजय चौरे एवं कोरियोग्राफर अतुल महोबिया ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उनके परिश्रम और सहयोग की सराहना की। ग्रुप की गर्ल्स टीम में भानुप्रिया, माधुरी, दिव्या, आयुषी, नंदिनी, मीतांशी, ऋचा, वर्षा, रितिका, ऋचा एवं मुस्कान ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं बॉयज़ टीम में निखिल, पंडित जी, संदीप हिंगोला, अमित, कुशल, जीतू, अनिकेत, विशाल, अनुराग एवं लिटिल सहित अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। ग्रुप के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयास, बेहतर तालमेल और आकर्षक प्रस्तुतियों ने प्रतियोगिताओं में सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सदस्यों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए हर मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और इटारसी की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। माँ शैलजा गरबा ग्रुप की इस उपलब्धि से इटारसी नगर में हर्ष का माहौल है। ग्रुप के संचालक विजय चौरे एवं कोरियोग्राफर अतुल महोबिया ने सभी सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, मेहनत और माता रानी के आशीर्वाद से ग्रुप ने यह सफलता हासिल की है।

जनसुनवाई में 133 आवेदनों पर हुई सुनवाई, किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया। जनसुनवाई में आए 133 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। श्री जैन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम रायपुर निवासी श्रीमती रानी चौरे ने राशन कार्ड तथा पात्रता पर्ची बनवाने के संबन्ध मे आवेदन दिया, जिस पर श्री जैन ने सम्बंधित अधिकारी को नियमानुसार सहायता प्रदान करने की निर्देश दिए। एक अन्य मामले में श्रीमती मनको बाई ने उनके पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने के सम्बन्ध मे आवेदन दिया, जिस पर श्री जैन ने सम्बन्धित अधिकारी को योग्यतनुसार आवश्क कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कारगिल चौक पर बनाई जाएगी नई रोटरी

प्रमुख चौक-चौराहों का चौड़ीकरण शुरू, बाद में होगा सौंदर्यीकरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के चौड़ीकरण और सौंदर्याकरण का काम शुरू हो गया है। फिलहाल चौराहों के आसपास खाली जगह का उपयोग कर चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। इसके बाद सौंदर्याकरण के काम किए जाएंगे। दरअसल नगरपालिका का मुख्य फोकस शहर के प्रवेश मार्ग पर स्थित कारगिल चौक पर है। यहां चौड़ीकरण के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही थाना चौक पर भी काम चल रहा है। शहर के व्यस्ततम चौराहों में शामिल कारगिल चौक का करीब ढाई से तीन मीटर तक विस्तार किया जाएगा। इसके लिए चौराहे के चारों तरफ कांक्रीट बेस तैयार कर चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इसके बाद यहां नई रोटरी बनाई जाएगी। चौड़ीकरण के बाद चौराहे का वर्तमान सेंटर पॉइंट भी बदल जाएगा। नगरपालिका ने काम शुरू करने के लिए एक तरफ की सडक़ को ब्लॉक कर दिया है। बता दे कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण के तहत नगरी प्रशासन से करोड़ों रुपए का बजट भी मिला है। जिसके तहत करीब 5 करोड़ 92 लाख की लागत से शहर के चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक चौराहों का आकार और डिजाइन अलग-अलग होगा। कोई चौराहा गोलाकार आकृति में बनाया जाएगा तो कोई षष्ठकोण आकार का होगा। इसके अलावा त्रिभुजा आकार के चौराहे भी बनाए जाएंगे। चौराहों की ड्राईंग डिजाइन भी पूर्व में एप्रूवल हो चुकी है।

पहले चौड़ीकरण, फिर सौंदर्याकरण

सीएम इंफा योजना के तहत पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि में कोठीबाजार के गांधी चौक पर बन रही भूमिगत पार्किंग भी शामिल है। अन्य चौराहों पर चौड़ीकरण और सौंदर्गीकरण के काम होंगे। पहले चरण में सडक़ के किनारों पर उपलब्ध खाली जगह में पेवर ब्लॉक लगाकर चौराहों का विस्तार किया जाएगा। फिलहाल नेहरू पार्क की बाउंड्रीवाल से लगे पेड़ों की कटाई भी की गई है, ताकि चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। कारगिल चौक शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित है। यहां से दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में चौराहे का विस्तार होने से वाहनों के आवागमन के लिए अधिक जगह उपलब्ध हो सकेगी। हालांकि, निर्माण कार्य के दौरान एक तरफ की सडक़ बंद होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

थाना चौक पर भी चल रहा काम

कारगिल चौक के साथ थाना चौक का भी चौड़ीकरण हो रहा है। यहां चौराहे के चारों तरफ करीब तीन से चार फीट की चौड़ाई में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इससे चौराहे के आसपास की खाली जगह का उपयोग होगा और चौराहा पहले की तुलना में अधिक चौड़ा दिखाई देगा। नगरपालिका की योजना के अनुसार पीडब्ल्यूडी चौक, शिवाजी चौक, गेंदा चौक और मैकेनिक चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर भी काम शुरू किया जाना है। नपा शेष चौराहों पर नवरात्र के बाद काम शुरू करने की तैयारी है। पर्व के दौरान सडक़ों पर लोगों और वाहनों की आवाजाही बढऩे के कारण निर्माण कार्य कराने में परेशानी हो सकती है। इसी वजह से काम शुरू नहीं किया गया है। नपा की योजना है है कि चौड़ीकरण और सौंदर्याकरण चरणबद्ध तरीके से किए जाएं।

अभी संकरे चौक-चौराह होने से लगाता है जाम

शहर के अधिकांश चौक-चौराहे अभी संकरे है। जहां अक्सर वाहन आमने-सामने खड़े हो जाते है। जिससे वाहन चालकों को बार-बार जाम जैसे हालातों से दो-चार होना पड़ता है। वर्तमान की स्थिति में चौक-चौराहों की चौड़ाई काफी कम है। चौराहे सकरे होने की वजह से आए दिन सडक पर जाम लगने की स्थिति बनती है। खासकर गंज चौक, अंबेडकर चौक सहित अन्य शामिल है। योजना के तहत सभी चौराहों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। वर्तमान की अपेक्षा इन्हें और अधिक चौड़ा किया जाएगा ताकि आवागमन बेहतर तरीके से हो सके। नगरपालिका के मुताबिक चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के बादचौराहों का पूरी तरह से स्वरूप बदला जाएगा। चौराहे पहले से अधिक चौड़े होंगे और आवागमन की सुविधा भी इससे बेहतर हो जाएगी। वर्तमान में चौराहे संकरे होने की वजह से कई बार जाम लग जाता है।


इनका कहना है

कारगिल चौक और कोतवाली चौक पर काम शुरू है। इसके अलावा गेंदा चौक, अम्बेडकर चौक, शिवाजी चौक सहित अन्य चौक का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण होगा। चौराहों के साथ पार्किंग और नाली भी बनाई जायेगी।

- नागेन्द्र वागद्रे,
सब इंजीनियर,
नगरपालिका बैतूल

वन विभाग की अनुमति के बाद फिर शुरू होगा निर्माण कार्य

स्थानीय विभागों के दांवपेंच ने उलझाया रमली सेतु निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

शहर के वार्ड क्रमांक 5 अंतर्गत बेल नदी पर लगभग 3 करोड़ की लागत से बनने वाले रमली सेतु निर्माण पर लगा ग्रहण अब हट गया है। वन विभाग की अनुमति के चक्कर में रमली सेतु का काम बीते लगभग एक साल से रुका हुआ था। बीते दिनों यहां वन विभाग की अनुमति के बाद अब फिर से काम शुरू हो पाएगा, हालांकि ये बात और है कि सेतु निर्माण में कई स्थानीय विभागों की कथित लापरवाही ने बेवजह रमली सेतु के निर्माण कार्य में विलंब कर दिया और सेतु निर्माण का कार्य देख रही कंपनी को भी लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। लेकिन इस पूरे मामले में अब एक बात तो पूरी तरह साफ हो गई है कि शहर को बर्बादी के मुहाने तक लाने में स्थानीय प्रशासन की एक बड़ी भूमिका रही, तो वहीं शहर के कमजोर शासन तंत्र का खामियाजा भी शहर को उठाना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीते कई दशकों के लंबे इंतजार के बाद बेल नदी पर दर्जनों गांवों को जोडऩे वाले रमली सेतु का निर्माण शुरू किया गया था। किंतु जैसे ही निर्माण करने वाली कंपनी ने यहां काम शुरू किया, इस दौरान स्थानीय विभागों के जिम्मेदारों ने सेतु निर्माण कंपनी पर नियमों का हथौड़ा चला कर सेतु का काम रुकवा दिया था। जिसके चलते निर्माण कार्य में बेवजह देरी होती रही।

कंपनी का दावा 6 महीने में पूरा कर देंगे काम

रमली सेतु निर्माण करने वाली कंपनी ने बताया है कि यहां रमली सेतु निर्माण में लगभग सभी स्थानीय विभागों की अनुमति मिलने के बाद अब तेजी से काम शुरू कर दिया जाएगा। कंपनी का दावा है कि यहां 6 माह के भीतर ही निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। कंपनी के निर्माण कार्य में बेवजह देरी और कंपनी के हुए लाखों के नुकसान के लिए ठेकेदार ने विभागों को जिम्मेदार बताया है। इधर रमली सेतु निर्माण बन जाने से कई गांवो के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, वहीं आमला की अर्थव्यवस्था पर भी इसका बड़ा असर दिखाई देगा। वहीं आमला से मुलताई नागपुर की ओर जाने वाले लोगों को भी ईंधन और समय की बचत होगी। इस मौके पर वार्ड के पार्षद एवं समाजसेवी राकेश शर्मा ने बताया है,कि जैसे भी हो अब यहां निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी शुरू होना चाहिए, इसके लिए हजारों लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा है, लेकिन पहले भी कई बार देखने में आया है कि शहर के महत्वपूर्ण निर्माण आदि कार्यों में यहां का स्थानीय प्रशासन ही सबसे बड़ी बाधा खड़ी करता है।

इनका कहना है

रमली ब्रिज के निर्माण में देरी स्थानीय विभागों की अनुमति के चलते हुई है, अभी दो दिन पहले ही वन विभाग ने अनुमति दी है, पेपर आते ही हम यहां जल्द से जल्द काम शुरू कर देंगे, हमारा प्रयास रहेगा की छः माह के भीतर यहां सेतु का काम पूरा कर दिया जाए।

..अशोक मिश्रा, ठेकेदार

लीग मैचों में खंडवा और सारणी का दबदबा, आज फाइनल

48वीं अंतर-क्षेत्रीय रस्साकसी प्रतियोगिता का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वाधान में आयोजित वर्ष 2026-27 की 48वीं अंतर-क्षेत्रीय रस्साकसी प्रतियोगिता का मंगलवार को खेल मैदान पर भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 09 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें मेजबान सारणी टीम के अलावा संत सिंगाजी खंडवा, जबलपुर (केंद्रीय कार्यालय), ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, सिरमौर, उज्जैन और सागर की टीमों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने मैदान में कदम रखा है। प्रतियोगिता के पहले चरण में सभी 09 टीमों को दो पूल में बांटकर लीग आधार पर मैच खिलाए गए। खिलाडिय़ों के जबरदस्त कौशल और दम-खम के बीच पूल मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे। संत सिंगाजी खंडवा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए पूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, जबलपुर (केंद्रीय कार्यालय) की टीम दूसरे स्थान पर रही। मेजबान सारणी की टीम ने अपने घरेलू मैदान का लाभ उठाते हुए प्रथम स्थान का गौरव पाया, जबकि उज्जैन की टीम दूसरे स्थान पर रही।

आज सुबह 10 बजे से सेमीफाइनल, दोपहर 12 बजे सजेगा फाइनल का मंच

लीग मैचों की समाप्ति के बाद अब प्रतियोगिता नॉकआउट दौर में पहुंच चुकी है। बुधवार, 28 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से सेमीफाइनल और तीसरे स्थान के लिए मुकाबले शुरू होंगे। पहला सेमीफाइनल संत सिंगाजी खंडवा और उज्जैन के बीच कशमकश होगी।



दूसरा सेमीफाइनल मेजबान सारणी का सामना जबलपुर (केंद्रीय कार्यालय) से होगा। इन मैचों की विजेता टीमों के बीच दोपहर 12:00 बजे से खिताबी भिड़ंत (फाइनल मैच) होगी, जिसके बाद इस वर्ष के विजेता का फैसला होगा।

अतिथियों ने मां भवानी की पूजा कर किया शुभारंभ

इससे पूर्व, प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता एस.के. लील्होरे, प्रोजेक्ट मैनेजर एसएन सिंग, अतिरिक्त मुख्य अभियंता हरिराम नरवरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता मनीष शर्मा, एवं वरिष्ठ रसायनज्ञ पीयूष गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान खेल एवं क्रीड़ा समिति सारणी के महासचिव संजय जोशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां भवानी की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर खेल की शुरुआत कराई। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ ही खेलना चाहिए, यह आपसी समन्वय और शारीरिक क्षमता को बढ़ाने का बेहतरीन माध्यम है।

मछुआ समिति ने की जांच की मांग

फिश पार्लर में ठेकेदार की चांदी, नपा की मिलीभगत से लाखों के वारे-न्यारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

बीते कुछ दिनों से नगरपालिका आमला के अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच सांठगांठ के चलते भ्रष्टाचारियों के हौंसले बुलंद होना शुरू हो गए हैं।

जिसके चलते शहर में निर्माण कार्यों में खुला भ्रष्टाचार हो रहा है, और शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। शहर में इन दिनों कई करोड़ के निर्माण कार्य चल रहे हैं, इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर शहर के कई संगठनों और राजनीतिक दलों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई, किंतु भ्रष्टाचारियों के बीच बने मजबूत संगठन में यह आवाज दब कर रह गई। अब शनिवार बाजार स्थित बन रहे फिश पार्लर को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। शासन की योजना अंतर्गत यहां मछुआरों के लिए पांच फिश पार्लर बनाए जा रहे हैं। शहर के बुद्धिजीवियों द्वारा अपना नाम न छापने की पर बताया गया, कि यहां गुरुदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किए जा रहे फिश पार्लर निर्माण को लेकर शुरू से ही यहां सवाल खड़े किए जा रहे हैं, यहां निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन कार्य किया जा रहा है, इसके अलावा यहां पूरे निर्माण कार्यों में तराई भी नहीं की गई है, इस बात की शिकायत आसपास के लोग भी करते रहे हैं। इसके अलावा पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी डिजाइन को लेकर भी ये लोग सवाल उठा रहे हैं, गुरुदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किए जा रहे पार्लर निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत भी सामने आ रही है, इससे शासन को लाखों रुपए का चूना लग रहा है।

मछुआ समिति अध्यक्ष ने कहा जांच के बाद ही हो भुगतान

इधर फिश पार्लर के घटिया निर्माण को लेकर मछुआ समाज के अध्यक्ष गणेश डोमने ने भी अब मोर्चा खोल दिया है। अध्यक्ष श्री डोमने ने बताया कि हमारे समाज के लोगों के लिए शनिवार बाजार में जो पांच फिश पार्लर बनाए गए हैं, सबसे पहले तो उसमें कई तकनीकी खामियां हैं, पूरी दुकानों के बीच जो खाली स्थान छोड़ा गया है इसको लेकर भी सवाल है, इसके अलावा दुकान मुख्य मार्ग से काफी अंदर है, साथ ही पूरे दुकान निर्माण के दौरान निम्न स्तर की सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। उनहोंने बताया है कि समाज के लोगों ने मांग की है कि इस पार्लर की गुणवत्ता की जांच की जाए, उसके बाद ही दुकानों का आवंटन होना चाहिए, हमारा समाज इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से भी करेगा।

जांच की जाएगी

मामले की जांच की जाएगी, अगर मापदंड एवं नियमों के अनुसार निर्माण नहीं किया गया है, तो सक्षम एजेंसी से जांच के बाद ही ठेकेदार का भुगतान किया जाएगा।

प्रकाश देशमुख, नगरपालिका अधिकारी आमला।

भोपाल में आंदोलन की तैयारी

कोटवारों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



बैतूल। मध्य प्रदेश के 38 हजार कोटवारों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर म.प्र. आजाद कोटवार कर्मचारी संघ की बैतूल जिला शाखा ने 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर 31 अक्टूबर को भोपाल में प्रदेशव्यापी आंदोलन करने की बात कही है। शहीद भवन परिसर में जिलेभर के कोटवार एकत्र हुए। इसके बाद संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हरवीर यादव, जिला अध्यक्ष लखन मालवीय और जिला सचिव श्याम पंडोले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 1916-17 में मालगुजारों द्वारा कोटवारों को दी गई सेवा भूमि पर वर्ष 2007 की महापंचायत में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप मालिकाना हक देने, वर्तमान में पदस्थ सभी कोटवारों को नियमित करने और वर्दी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराने की मांग की गई है।

खनिज विभाग ने भैंसदेही, आठनेर क्षेत्र में गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त 3 वाहन जब्त



बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अक्टूबर को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनि निरीक्षक सुश्री वंदना पटेल बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ भैंसदेही, आठनेर क्षेत्रांतर्गत खनिज गिट्टी डस्ट के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन 01 डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1074 एवं खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रेक्टर सोनालिका बिना नंबर को जप्त कर पुलिस थाना भैंसदेही की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रेक्टर स्वराज्य 735 नीला रंग बिना नंबर को ग्राम मूसाखेड़ी के पास से जप्त कर पुलिस थाना आठनेर की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इस प्रकार गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त कुल 3 वाहनों को जप्त कर खनिज नियमों के तहत अर्थदण्ड प्रस्तावित किया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं, मालिकों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधान के तहत अर्थदण्ड प्रस्तावित किया जाकर प्रकरण को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



शाहपुर। मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर ग्राम कुंडी में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों औऱ कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी करते हुए हाईवे सडक़ मार्ग से कुंडी पंचायत कार्यालय तक रैली निकाली गई और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शैलेंद्र वटके कुंडी कांग्रेस अध्यक्ष, सोनू यादव मंडलम, हेमराज इवने सेवादल, गोविंद उइके, पंचम परते, राकेश इवने, नन्हे सिंह उइके पूर्व उप सरपंच, शिवप्रसाद उइके, अनिल झल्लारे, राज वर्मा, बसंत रजने, नंदन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाई अजमीढ़ देव जयंती

आस्था का संगम बना अजमीढ़ देव जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

आस्था को शब्दों और भक्ति को प्रमाण की जरूरत नहीं होती। स्वर्णकार समाज के आराध्य एवं आदिपुरुष महाराज अजमीढ़ देव की जयंती पर सोमवार को आमला में यह भाव साकार हुआ।

समाज ने उत्साहपूर्वक भव्य शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह पुष्पवर्षा और आतिशबाजी से स्वागत हुआ। वृक्षारोपण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभाओं के सम्मान के साथ समारोह में सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। स्वर्णकार समाज की मान्यता के अनुसार, महाराज अजमीढ़ देव का जन्म अश्विन मास की पूर्णिमा को हुआ था। उन्हें ब्रह्मा जी के वंशज महर्षि अत्रि की 28वीं पीढ़ी में जन्मा, भगवान राम का समकालीन और मित्र माना जाता है। मान्यता है कि उन्होंने अपने प्रताप और सामर्थ्य से अज्मेरु नगर की स्थापना की, जिसे आज अजमेर के नाम से जाना जाता है। सोनी मोहल्ला स्थित के. सोनी प्ले स्कूल से निकली शोभायात्रा सर्राफा मार्केट, पुराना थाना सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने स्वागत किया। राजनीतिक प्रतिनिधियों और पत्रकारों ने भी पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया तथा जलपान की व्यवस्था की। पीरमंजिल पर व्यापारी बंधुओं ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से स्वागत किया, जबकि जनपद चौक पर भी फूल बरसाकर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा रतेड़ा रोड स्थित दादाजी दयालू लॉन पहुंची, जहां समाज की मातृशक्ति ने स्वागत किया। इसके बाद महाराज अजमीढ़ देव के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समाज के वरिष्ठ और प्रबुद्धजनों ने सामाजिक प्रगति तथा नई पीढ़ी की भूमिका पर विचार रखे।



पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयंती के अवसर पर स्वर्णकार समाज समिति के सदस्यों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। समाज ने इससे पहले पिछले वर्ष जयंती पर प्लास्टिक मुक्त शहर का संदेश देते हुए शोभायात्रा में कपड़े के थैले वितरित किए थे। इस वर्ष वृक्षारोपण के माध्यम से स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण की पहल को आगे बढ़ाया गया। समाज ने इन प्रयासों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया। समाज के सदस्यों ने कहा कि महाराज अजमीढ़ देव ने स्वर्णकार समाज को समृद्ध परंपरा, गौरवपूर्ण इतिहास और सांस्कृतिक विरासत दी।

सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

घोघरी बांध से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग किसानों ने की है। इस संबंध में भारकावाड़ी, कोलगांव, सुरगांव, जोड़क्या, लोहार्या, बारह्वी व अन्य ग्राम के किसानों ने एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि इस वर्ष जिले में अत्यंत कम वर्षा हुई है। कम वर्षा के कारण सोयाबीन, मक्का, धान जैसी प्रमुख फसलों का उत्पादन बहुत कम हुआ है। कुओं और बोरवेल में जलस्तर अत्यंत नीचे चला गया है। आगामी रबी फसल जैसे चना, गेहूँ, सरसों आदि के लिए पानी देना बहुत कठिन हो रहा है। किसान की आय का एकमात्र साधन खेती है। फसल के रख-रखाव का खर्च, बैंक का कर्ज, बच्चों की शिक्षा, घर का दैनिक खर्च, दवाइयाँ आदि सभी कुछ इसी एक आय पर निर्भर है। विशेष रूप से ग्राम भारकावाड़ी, कोल गांव, सोरगांव, जोड़क्या, लोहार्या, भरह्वी और आसपास के अन्य ग्रामों में जलस्तर पहले से ही बहुत कम है। किसान इस वर्ष अपनी खरीफ फसल को दूसरी बार पानी भी नहीं दे पाए हैं। आने वाले समय में स्थिति और भी कठिन होने वाली है। किसानों ने बताय कि घोघरी बांध की सभी पाइपलाइन का काम और प्रारंभिक स्तर की टेस्टिंग पिछले वर्ष ही पूरी हो चुकी है। किसानों ने मांग की कि कम से कम एक बार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा शेष बचे हुए कार्यों को शीघ्र पूरा करवाने की मांग की, ताकि दिसंबर माह में पानी की आपूर्ति मिल सके।

CHANGE OF NAME

I, **SANGETA** is legally wedded spouse of No.- 14808179L Nk **Prakash Ghidode** (Retd), resident at Vill.- Karj Gav, Post- Sonora, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP), Pin- 460661, have changed my name from **SANGETA** to **SANGEETA GHIDODE** vide affidavit dated 27-10-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I, No.- 15688585H Hav **Pramod Kumar** (Retd), resident of Vill.- Shivaji ward, near Akashwani, Behind Gyanodya college, Post & Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP), Pin- 460001, have changed my Son's name from **LAKSHYA** to **LAKSHYA KHADE** vide affidavit dated 27-10-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME

I, No.- 13993682W Hav **Rajendra Gayakwar** (Retd), resident of Vill.- Chandrashekhar ward, Post & Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP), Pin- 460001, have changed my Son's name from **BHAVY** to **BHAVY GAYAKWAR** vide affidavit dated 27-10-2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).

CHANGE OF NAME SELF

I, No.- 200190B LME **K.N. Biswas (Khajendra Nath Biswas)** (Retd) Son of Manoranjan Biswas, resident of Vill- Chopna-2, Post- Chopna-2, Teh.- Shahpur, Distt.- Betul (MP), Pin- 460440, have changed my name from **K.N. BISWAS (KHAJENDRA NATH BISWAS)** (As recorded in my service documents) to **KHAGENDRANATH BISWAS** vide affidavit dated 27/10/2026 sworn before 1'st Class Magistrate, Distt.- Betul (MP).


शारदोत्सव समिति ने किया बुंदेली लोकगीत गायक जितू खरे नाइट्स का आयोजन

शरद पूर्णिमा पर ढाई दशक से जारी रक्तदाता व प्रतिभा सम्मान समारोह

संदीपनी एसजेएल हायर सेकंडरी स्कूल के मैदान पर सोमवार रात आठ बजे कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसके प्रथम चरण में रक्तदाता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया। जिसमें अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में गत ढाई दशक से शरदोत्सव समिति द्वारा रक्तदाताओं एवं अन्य प्रतिभाओं का सम्मान प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर किया जा रहा है। इस वर्ष की कड़ी का आयोजन सोमवार रात किया गया। जिसमें बुंदेली प्रसिद्ध बुंदेली लोकगीत गायक जितू खरे नाइट्स भी आयोजित की गई।

शरदोत्सव समिति संयोजक पवन सिंह चौहान एवं अध्यक्ष नारायण रघुवंशी ने बताया कि संदीपनी एसजेएल हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान पर सोमवार रात लगभग आठ बजे कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसके प्रथम चरण में रक्तदाता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम में अतिथि रूप में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, महंत हरिकिशन दास, समाजसेवी चौधरी राजेंद्र सिंह, कन्नूलालअग्रवाल, नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पूर्व नपाध्यक्ष द्वय संतोष मालवीय एवं अभिलाष चंदेल, समाजसेवी हरगोविंद सिंह पुर्विया, निखलेश चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, डॉ. जोएब अली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों का भी सम्मान मंच से किया गया। अपने उद्बोधन में विधायक विजयपाल सिंह ने समस्त सम्मानित प्रतिभाओं एवं क्षेत्रवासियों को शरद पूर्णिमा पर्व की बधाई दी।

लोकप्रियता ने बढ़ाए दर्शक

उल्लेखनीय है कि ढाई दशक से शरदोत्सव समिति सुनियोजित कार्यक्रम कर प्रतिभाओं तथा रक्तदाताओं का सम्मान करती आ रही है। जिसके चलते समिति क्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय है। लोकप्रियता का यही आलम बुंदेली लोकगीत गायक जीतू खरे व उनकी टीम के साथ भी है। आयोजक एवं अतिथि दोनों की लोकप्रियता ने अप्रत्याशित रूप से दर्शकों की उपस्थिति बढ़ा दी। खेल मैदान एवं इससे लगकर बने स्टेडियम की बैठक क्षमता से कहीं अधिक दर्शक मैदान में एकत्रित हुए। जैसे ही लोकप्रिय गायक जीतू खरे की प्रस्तुति प्रारंभ हुई वैसे ही हजारों दर्शकों की तालियों से समूचा क्षेत्र गूंज गया। देर रात आयोजन का समापन हुआ।

समिति की ओर से देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि सभी अतिथियों का अभिनंदन भी आयोजन के प्रथम चरण में प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। वहीं दर्शकों की बड़ी संख्या से व्यवधान भी हुआ। रात लगभग 9 बजे से प्रसिद्ध बुंदेली लोकगीत गायक जित्तू खरे के भजनों व गीतों की प्रस्तुति प्रारंभ हुई। जिसके बाद राई नृत्य का आयोजन भी किया गया। क्षमता से अधिक दर्शकों के आने के चलते कुछ समय तक कार्यक्रम बाधित भी रहा क्योंकि अत्यधिक दर्शकों की उपस्थिति के कारण पुलिस को भीड़ संभालने में परेशानी हुई। शरद उत्सव समिति की ओर से संयोजक पवन सिंह चौहान एवं अध्यक्ष नारायण रघुवंशी ने प्रशासन, पुलिस एवं क्षेत्रीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

पटाखा विक्रेताओं पर प्रशासन की नजर, कार्बाइड वाली देशी गन का धमाका पड़ सकता है भारी

पटाखा विक्रेताओं को सुरक्षा मानक पालन की प्रशासन ने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



दीपावली में प्रतिबंधित आतिशी सामग्री विक्रय नुकसानदेह हो सकता है। अतः प्रतिबंधित पटाखा विक्रय ना हो, इसके लिए गत दिनों राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने नप सभा कक्ष में पटाखा विक्रेताओं के साथ बैठक की है।

बैठक में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर व एसडीओपी अरविंद शाह ने पटाखा विक्रेताओं से कहा कि प्रतिबंधित पटाखा सामग्री विक्रय हादसे का कारण ना बने। त्यौहार दौरान कैल्शियम कार्बाइड से चलने वाली खतरनाक देशी गनों के इस्तेमाल को लेकर सोहागपुर पुलिस व प्रशासन ने आमजनों को सतर्क किया है। पुलिस के अनुसार प्लास्टिक पाइप से बनाई जाने वाली ये गन तेज धमाका करती हैं, जिससे आंखों, चेहरे और शरीर को गंभीर नुकसान भो सकता है। पुलिस के अनुसार प्रतिबंधित गन की बिक्री व उपयोग पर रोक के शासकीय निदेर्शों का पालन कराएंगे एवं उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। पुलिस के अनुसार कैल्शियम कार्बाइड के इस्तेमाल से गैस उत्पन्न कर धमाका करने वाली गनों से कई लोग घायल हुए हैं। दीपावली दौरान ऐसी घटनाएं रोकने के लिए पुलिस चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाएगी। आमजन से अपील है कि ऐसी गन ना खरीदें, ना इस्तेमाल करें और ना बच्चों को इनके संपर्क में आने दें।

यह करें व्यापारी

- पटाखा विक्रय लाइसेंस की शर्तों का पालन करें।
- निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप दुकानें संचालित करें।
- आगजनी की आशंका को देख आवश्यक सावधानियां बरतें।
- पानी, रेत व अन्य आग बुझाने वाली सामग्री दुकानों पर रखें।
- आतिशबाजी की प्रतिबंधित सामग्री ना रखें।

ग्रीन पटाखों पर जोर

दीपावली पर पर्यावरण और जन स्वास्थ्य को देखते हुए ग्रीन पटाखों के उपयोग पर प्रशासन ने जोर है। प्रशासन के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की बिक्री ना हो तथा चिन्हित ग्रीन पटाखे बेचे जाएं। पुलिस ने व्यापारियों व आमजनों से अपील की है कि प्रतिबंधित पटाखों का उपयोग ना हो, सुरक्षित दूरी रख पटाखे जलाएं एवं स्वयं व अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखें। प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड गन की बिक्री या इस्तेमाल की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपात स्थिति में डायल 112 या पुलिस थाना सोहागपुर के मोबाइल 7701052276 पर संपर्क किया जा सकता है।

एसटीआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात वनकर्मियों को पदक देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वन व वन्यजीव संरक्षण, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रबंधन कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गत दिवस एल कृष्णमूर्ति अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने टाइगर रिजर्व के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अधिकारियों के साथ वन्यजीव सुरक्षा एवं गश्ती व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई व अग्रिम पंक्ति के वनकर्मियों से संवाद कर उनके कार्यों एवं अनुभवों पर चर्चा की गई। भ्रमण के दौरान पेट्रोलिंग कैंपों में आवश्यक बर्तनों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं विभागीय दायित्वों के प्रति समर्पण के लिए रिजर्व के सात कर्मचारियों को क्षेत्र संचालक पदक 2026 से सम्मानित किया गया।

ये हुए सम्मानित

सम्मानित कर्मचारियों में नीलेश भट्ट वनपाल पश्चिम पचमढ़ी, दुष्यंत मीना वनपाल बागड़ा, जैरसिंह सुरक्षा श्रमिक बोरी, गजेन्द्र चौधरी वनरक्षक कामती, देवेन्द्र मर्सकोले वनरक्षक मटकुली, नरपत सिंह अलावा वनपाल कामती को सम्मानित किया गया है। रामनिवास मेहरा वनरक्षक क्षेत्र संचचालक कार्यालय को सम्मानित किया गया है। साथ ही प्रबंधन प्रभावशीलता संबंधित विभागीय प्रकाशनों का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया।

चेतन्य वेयरहाउस से 70 बोरी शासकीय मूंग की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हतवास में कृषि उपज मंडी के पीछे हम्माल मोहल्ले में स्थित चेतन्य वेयरहाउस में वर्ष 2026 में सेवा सहकारी समिति खापरखेड़ा के द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की गई थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार लगभग 3 लाख रुपए की मूंग की 70 बोरी की चोरी हुई थी। जिसमें से लगभग 30 बोरी पुलिस ने चोर को गिरफतार कर जप्त कर ली है तथा ट्रक भी जप्त किया गया है। जिसका उपयोग चोरी में किया गया था। 40 बोरी और चोर के शेष बारीकी तलाश की जा रही है। वेयरहाउस संचालक राजेन्द्र सोडानीनेदिनाक 22/10/26को शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि दीवार तोड़कर मूंग चोरी की गई थी। पुलिस ने रितेश उर्फ रामदेव केवट को गिरफतार कर लिया गया है। जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपी जनों एवं मूंग की तलाश की जा रही है। शहर में जगह-जगह चोरी बढ़ती जा रही है।

बीजनवाड़ा के सरकारी डबल लॉक से खाद चोरी प्रबंधक व पुलिस के बयानों में अंतर से उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम बीजनवाड़ा स्थित 'मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ' के डबल लॉक गोदाम से हुई खाद चोरी के मामले में नया मोड़ आ गया है। मामले में प्रबंधक द्वारा मीडिया को दिए गए बयान और पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस नोट के आंकड़ों में विरोधाभास देखने को मिल रहा है। वहीं, इस चोरी में एक बार फिर गोदाम के अंदर रहने वाले कर्मचारी की संलिप्तता सामने आई है।

आंकड़ों का फेर आखिर कितनी बोरी हुई चोरी?

मामले में गोदाम प्रबंधक दुलीचंद ठाकुर ने मौखिक रूप से जानकारी देते हुए बताया था कि डबल लॉक से 135 बोरी NPK और 13 बोरी यूरिया खाद चोरी हुई है, जिसकी प्राथमिकी 7 अक्टूबर 2026 को स्टेशन रोड थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके विपरीत थाना प्रभारी महेंद्र सिंह बघेल द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि गोदाम से 144 बोरी NPK और 15 बोरी यूरिया चोरी हुई थी। प्रबंधक और पुलिस के बयानों में NPK की 9 बोरियों और यूरिया की 2 बोरियों का यह अंतर अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

कैलाश रघुवंशी के खेत के पास से ऑटो जब्त

पुलिस की शुरुआती कार्रवाई में 15 बोरी यूरिया खाद की बरामदगी एक ऑटो से की गई है। पुलिस ने इस ऑटो को बीजनवाड़ा स्थित पुरानी शराब दुकान के आगे कैलाश रघुवंशी के खेत के पास से लावारिस/संदेहास्पद हालत में जब्त किया है।

4 आरोपी गिरफ्तार, 3 अभी भी फरार

थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। हालांकि, घटना में शामिल 3 अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर (फरार) बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, विगत वर्षों में भी इस डबल लॉक गोदाम में चोरी की वारदात हो चुकी है और उस समय भी संस्था के कर्मचारी की संलिप्तता पाई गई थी। ताज्जुब की बात यह है कि इस बार भी चोरी के तार गोदाम परिसर के कमरे में ही रहने वाले हम्माल (मजदूर) से जुड़े बताए जा रहे हैं। बार-बार कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आने के बाद भी सुरक्षा को लेकर कड़े कदम न उठाना प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

मामले में महेंद्र सिंह बघेल, थाना प्रभारी (स्टेशन रोड) का कहना है कि 4 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। फरार 3 आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पूरे मामले की गहनता से जांच जारी है, जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जनसुनवाई से नदारद मिल रहे पंचायत सचिव और रोजगार सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जनसुनवाई कार्यक्रम और केंद्र-राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' के प्रति पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की गंभीर लापरवाही सामने आई है। मुख्यालय पर निवास न करने और कार्यालय समय में पंचायतों में ताले लटके मिलने से ग्रामीण और मैदानी अमला खासी परेशानियों का सामना कर रहा है। और शासन की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मुख्यालय से गायब रहने का खेल

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बम्होरी कला, बनवारी, सिमारा, पनारी, माथनी और सिवनी सहित अनेकानेक ग्राम पंचायतों में लगातार जनसुनवाई कार्यक्रम को नजरअंदाज किया जा रहा है। नियम यह था कि रोजगार सहायकों की भर्ती स्थानीय स्तर पर मुख्यालय पर निवास करने की शर्त पर की गई थी, लेकिन जनपद पंचायत से मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 90% रोजगार सहायक पिपरिया शहर में निवास कर रहे हैं और सचिवों के भी कमोबेश यही हाल हैं। वे न तो समय पर कार्यालय आते हैं और न ही मुख्यालय पर रहते हैं।

ग्राम पंचायत सिवनी का एक ताजा मामला सामने आया है, जहाँ सुबह से ही पंचायत कार्यालय में ताला लटका हुआ था,

स्वामित्व योजना में अनदेखीः

एक तरफ जहाँ राजस्व विभाग के पटवारी नीलेश कुमार और कोटवार सुबह 8 बजे से ही मजदूरों को सुबह के वक्त मिलने के कारण उनके घर-घर जाकर 'स्वामित्व योजना' का काम कर रहे थे, वहीं पंचायत स्तर पर कोई सहयोग नहीं मिल रहा था।सर्वर की समस्या और बुनियादी सुविधाओं का अभावः पटवारी ने बताया कि सुबह 8 बजे से सर्वर न चलने के कारण काम प्रभावित हुआ। मजदूर वर्ग सिर्फ सुबह ही मिल पाता है, इसलिए वे सुबह से रात तक बिना कुछ खाए-पिए (निराहार) काम में जुटे हैं, लेकिन पंचायत द्वारा बिजली, पानी या अन्य कोई बुनियादी समाधान और सहयोग नहीं दिया जा रहा है।देरी से खुला तालाः दोपहर 12 बजे रोजगार सहायक ने आकर ताला खोला, लेकिन जनसुनवाई का निर्धारित समय निकल जाने के बावजूद पंचायत सचिव मौके पर नहीं पहुंचे।

बोले जिम्मेदार

जब इस संबंध में पक्ष जानना चाहा तो सचिव सुनील दुबे का कहना था कि वे जनपद पंचायत में कुछ दस्तावेजों का सत्यापन कराने गए थे। वहीं, रोजगार सहायक ने लेट होने की बात कही।

इस संबंध में जपं सीईओ श्रीराम सोनी का कहना था कि आपके माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है। मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर वेतन भुगतान रोकने की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वाल्मीकि जयंती पर पूर्व नपाध्यक्ष ने चल समारोह का किया स्वागत



सीहोर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला। जयंती के अवसर पर निकाले गए चल समारोह का समाजसेवी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर नमन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण किया। श्री राय ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन समाज को सत्य, सदाचार, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में सद्भाव, भाईचारे तथा नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी अवसर है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। चल समारोह के स्वागत के माध्यम से राकेश राय ने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्श सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र यादव, समाजसेवी मुनव्वर मामू, गोविन्द शर्मा, नावेद जाफरी और प्रवेश राजपूत आदि शामिल थे।

नौ दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

भैरूंदा। राय साहब भंवर सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का नौ दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ। 17 अक्टूबर को नेपाल के लिए रवाना हुआ विद्यार्थियों का दल 25 अक्टूबर को भ्रमण पूर्ण कर वापस लौटा। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपाल के विभिन्न शहरों और क्षेत्रों के प्रसिद्ध धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया तथा वहाँ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से जाना। नेपाल की राजधानी काठमांडू में विद्यार्थियों ने पशुपतिनाथ मंदिर, गुह्येश्वरी मंदिर, स्वयंभूनाथ स्तूप, बौद्धनाथ स्तूप तथा बूढ़ानीलकंठ मंदिर के दर्शन किए। इन स्थलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नेपाल की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समझा।

राय परिवार ने निभाया जेन-जी बालिकाओं से किया वादा, वॉटर पार्क में जमकर हुआ फन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच द्वारा आयोजित ऐतिहासिक क्रिसेंट गरबा महोत्सव का खुमार अभी उतरा भी नहीं था कि सीहोर की जेन-जी बालिकाओं को राय परिवार की ओर से एक और शानदार तोहफा मिल गया। गरबा महोत्सव के समापन पर राय परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय द्वारा किया गया वादा अब हकीकत में बदल गया है। किए गए प्रामिस के मुताबिक राय परिवार ने प्रतिभागी बालिकाओं के लिए क्रिसेंट वॉटर पार्क में एक दिन का विशेष फ्री फन-डे आयोजित किया, जहां बालिकाओं ने वॉटर राइड्स, म्यूजिक और डांस के साथ जमकर मस्ती की।

उल्लेखनीय है कि 5 हजार से अधिक बालिकाओं के सामूहिक गरबे से जब पूरा सीहोर गूंज उठा था, तब मंच से पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने सभी प्रतिभागियों के लिए वॉटर पार्क में एक दिन की फ्री एंट्री का ऐलान किया था। इसी वादे को पूरा करने के लिए समाजसेविका अरुणा सुदेश राय गरबा महोत्सव में भाग लेने वाली सैकड़ों बालिकाओं को साथ लेकर क्रिसेंट वॉटर पार्क पहुंचीं। पूरे दिन वॉटर पार्क में बालिकाओं के ठहाके, वॉटर स्पलैश, फन राइड्स और गानों पर डांस की धूम रही।

खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और सीहोर का नाम रोशन करो

कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो प्रॉमिस अपनी बेटियों से किया था, उसे पूरा कर आज हमें अपार खुशी हो रही है। आप यहां बेफिक्र होकर खूब एन्जॉय करें। राय परिवार आपके हुनर को निखारने और आपकी खुशियों के लिए क्रिसेंट वॉटर पार्क में हमेशा इस तरह के आयोजन रखता रहेगा। हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आप खूब खुश रहें, मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ$कर अपने परिवार, समाज और पूरे सीहोर का नाम रोशन करें।

न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी
// इश्तहार //
रा.प्र.क्र. 0067 अ-6 वर्ष 2026-27
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति लता जैन पत्नि गोपाल जैन एवं अन्य-03 निवासी वार्ड नं. 32, तीसरी लाईन, इटारसी, तह. इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110 म.प्र.भू.रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 18 प्लाट नं. 24/2 रकबा 652.5 व.फु. भूमि एवं उस पर निर्मित मकान आवेदक क्र. 01 पति एवं शेष आवेदकगणों के पिता गोपालचंद आ. मोतीलाल जैन एवं अन्य सहखातेदारों के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि के सहखातेदार गोपाल जैन आ. मोतीलाल जैन का स्वर्गवास दिनांक 26/08/2021 को हो चुका है, उनके निधन उपरांत विधिक उत्तराधिकारी के रूप में आवेदकगण के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नही है। आवेदकगण नजूल अभिलेख में अपना नाम फौती नामांतरण के आधार पर दर्ज कराना चाहते हैं। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित भूमि पर फौती आधार पर नजूल अभिलेख में आवेदकगणों का नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 27/10/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।
नजूल अधिकारी , इटारसी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
क्रमांक 4139 दिनांक 24/10/2026
// निविदा आमंत्रण सूचना //
शासन से प्राप्त बजट के अंतर्गत कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय किये जाने हेतु एम.पी टेंडर पोर्टल पर टेंडर क्रमांक 2026_HED_545082_1 एवं स्टूडेंट फर्नीचर क्रय हेतु टेंडर क्रमांक 2026_HED_545156_1 तथा अनूसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थियों हेतु स्टेशनरी किट क्रय हेतु टेंडर कमांक 2026_HED_545168_1 जारी की गई है, सभी टेंडरों की अंतिम तिथि 14.11.2026 जारी की गई है। संबंधित प्रदायकर्ता उपरोक्त टेंडर का एम.पी टेंडर पोर्टल पर अवलोकन कर अपनी निविदा प्रेषित कर सकते है।
प्राचार्य
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम

किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराएं, मिले पर्याप्त बिजली

संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में आयोजित की जा रही किसान संगठनों की नियमित बैठकों के क्रम में मंगलवार को कलेक्टर कुमार सत्यम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में उर्वरक की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। साथ ही कहा कि किसानों को डीएपी के विकल्प अपनाने के लिए भी जागरूक किया जाए। इसके लिए कृषि विभाग रोस्टर बनाकर ग्रामवार जागरूकता शिविर आयोजित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में उर्वरक की कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही यह सभी सुनिश्चित किया जाएगा कि रैक लगने के 48 घंटे के अंदर पीओएस पर उर्वरक की उपलब्धता दिखे ताकि यथा समय आरओ जनरेट हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, सीईओ जिला पंचायत नरोत्तम भार्गव सहित कृषि, सहकारिता, जल संसाधन, विद्युत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कतिपय स्थानों पर सिंचाई के लिए 10 घंटे विद्युत की आपूर्ति नहीं होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहाँ-जहाँ कम विद्युत आपूर्ति की शिकायत आई है, वहां समुचित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सभी के विभागों के समन्वय से बकायादार किसानों से बिजली बिल जमा कराया जाए ताकि बिजली की आपूर्ति में अड़चन न हो। कलेक्टर ने कहा कि बिजली से संबंधित हर शिकायत का उनके द्वारा फालोअप किया जाएगा। नहरों से सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि टेल क्षेत्र के किसानों को भी यथा संभव सिंचाई के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। सिंचाई संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ प्रभावी रूप से काम करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि किसानों की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण समाधान हो।

अमानक खाद एवं कीटनाशक के विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश

बैठक में अमानक खाद एवं कीटनाशक दवाईयों के विक्रय पर भी कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। ऐसे विक्रेताओं पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए भी अधिकारियों को पाबंद किया गया। बैठक में कलेक्टर ने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से प्राप्त समस्याओं पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल चौधरी, संभाग अध्यक्ष राजू कमेड़िया सहित संगठन प्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुमार सत्यम एवं जिला पंचायत सीईओ भार्गव द्वारा प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से विभिन्न किसान संगठनों की बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जा रहे हैं।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की विभिन्न समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर कुमार सत्यम ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं अनुपमा चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरोत्तम भार्गव, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा शैलेन्द्र बड़ोनिया, एसडीएम टिमरनी असवनराम चिरामन, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं अशोक डहेरिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम छिदगांवमेल निवासी सुनिता बाई ने आवेदन देकर लाड़ली बहना योजना की किश्त की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम एड़ाबेड़ा निवासी लोकेश पिता रमेश ने नक्शा दुरूस्त कराने व सीमांकन कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम बिछोला माल निवासी राजेश ने पत्नि की दुर्घटना में मृत्यु उपरान्त राहत राशि दिलाने की मांग की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम भुन्नास निवासी सादिक खान ने बैंक द्वारा स्वसहायता समूह ऋण में वित्तीय अनियमितता के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। ग्राम भाटपरेटिया निवासी रामकृष्ण राजपूत ने बैंक द्वारा पोर्टल पर एन्ट्री नहीं किए जाने के कारण फसल बीमा का लाभ प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। हरदा के खेड़ीपुरा निवासी शबाना ने जनसुनवाई में आवेदन देकर विवाह उपरान्त पुनः दिव्यांग पेंशन प्रारम्भ कराने की मांग की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदिका की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में हरदा निवासी गंगाबाई ने वृद्धावस्था पेंशन चालू कराने व ग्राम कुकरावद निवासी श्रीराम काजवे ने गत 6 वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

घुटने के बल बैठे कलेक्टर



जनसुनवाई के दौरान पीड़ित कलेक्टर की गाड़ी के सामने बैठ गए। जनसुनवाई खत्म होने के बाद कलेक्टर कुमार सत्यम ने घुटनों पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पीड़ितों को जल्द मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

नागरिकों ने चल समारोह का स्वागत किया

उत्साह के साथ निकला महर्षि वाल्मीकि जयंती का चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पावन अवसर पर सीहोर में चल समारोह श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। चल समारोह की अध्यक्षता उमेश परोचे ने की। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। चल समारोह वाल्मीकि कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिलक पार्क पहुंचा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों ने चल समारोह का स्वागत किया। चल समारोह में विधायक सुदेश राय भी शामिल रहे। वाल्मीकि कॉलोनी से लेकर तिलक पार्क तक जगह-जगह स्वागत कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। तिलक पार्क में चल समारोह का समापन हुआ। यहां भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जी की विधिवत आरती की गई तथा सभी ने उनका स्मरण कर नमन किया। इसके पश्चात समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें सम्मान पत्र वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और उनकी प्रतिभा को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

झिरन्या व खंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं की गुणवत्ता के मामले ने तूल पकड़ा

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक छाया मोरे 2 नवंबर को करेंगे संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और पंधाना विधायक छाया गोविंद मोरे एवं संयुक्त दल 2 नवंबर को झिरन्या और खंडवा डउद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। सोमवार को एक बैठक में विधायक मोरे ने इन दोनों परियोजनाओं की खामियों की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। नर्मदा घाटी विकास विभाग की इन दोनों परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टर कार्यालय खंडवा में आयोजित की गई थी। जिसमें झिरन्या और खंडवा उद्वहन योजनाओं में खामियों और अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर विधायक ने जताई नाराजगी थी।

बैठक में पंधाना विधायक छाया मोरे, सांसद, कलेक्टर, नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री और निर्माण कंपनी के अधिकारी मौजूद थे। बैठक का मुख्य एजेंडा रबी सीजन के लिए पानी छोड़ने की तिथि तय करना था। विभाग ने बताया कि तकनीकी कार्य शेष रहने के कारण 10 नवंबर से पानी छोड़ा जाएगा, जबकि विधायक ने 1 नवंबर से पानी छोड़ने की मांग की थी। उन्होंने बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना की भी गुणवत्ता और धीमें कार्य को लेकर चिंता व्यक्त की है।

उच्च स्तरीय जांच की मांग: विधायक मोरे ने कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए हैं और दोनों परियोजनाओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि छैगांव माखन क्षेत्र में पहले बिछाई गई पाइप लाइनों में टेस्टिंग के दौरान पाइप फटने की घटनाएं हो रही हैं। किसानों ने पाइप की गुणवत्ता, कलर न होना और 3 फीट के बजाय डेढ़-दो फीट पाइप डालने की शिकायत की है। उन्होंने सासंद पाटिल द्वारा दिए गए फोटो में गुणवत्ता की खामियां उजागर हो रही है।

बिंजलवाड़ा परियोजना को लेकर भी नाराजगी

विधायक मोरे ने बिंजलवाड़ा परियोजना की कमोबेश ऐसी ही खामियों को लेकर को नाराजगी जताई है और कहा कि हम इन्हीं कारणों से उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहें हैं। जिससे कि भविष्य में इस तरह की दिक्कतें इन योजनाओं में न आए। उन्होंने ने पत्रकारों से कहा कि हम इतनी महत्वपूर्ण योजनाएं शासन से स्वीकृत कराकर लाते हैं और फिर इस प्रकार की खामियां सामने आती हैं,जो चिंतनीय है। जबकि इसे लेकर किसान निरंतर आंदोलन कर रहे हैं।

हरदा में प्रतिबंधित पटाखों के निर्माण भंडारण और बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

हरदा। जिले में पानी एवं कार्बाइड के मिश्रण से तैयार किए जाने वाले एसिटिलीन गैस के बॉटल फ्लैश लैंप तथा अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों (कार्बाइड गन) के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार सत्यम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार, कुछ लोग पानी एवं कार्बाइड के मिश्रण से एसिटिलीन गैस के बॉटल फ्लैश लैंप आदि तैयार कर उनका विक्रय कर रहे हैं। इसके अलावा पटाखों, आतिशबाजी, लोहे की स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) भी बनाए और बेचे जा रहे हैं। इन गतिविधियों से आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यापारी प्रतिबंधित पटाखों एवं कार्बाइड गन का निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय नहीं कर सकेगा। साथ ही, बोतल के ढक्कन में छेद कर नोजल स्थापित करके उसमें पानी डालने और कैल्शियम कार्बाइड के साथ रासायनिक क्रिया से उत्पन्न एसिटिलीन गैस से बॉटल फ्लैश लैंप तैयार करने तथा प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। कलेक्टर ने अनुविभागीय दंडाधिकारियों, कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने और निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का समापन

विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण के लिए किया हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



श्री दिगंबर जैन समाज हरदा के तत्वावधान में आयोजित सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का 16 दिनों की धार्मिक आराधना, भक्ति और आध्यात्मिक अनुष्ठानों के बाद श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर समाज के श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हवन, पूजन-पाठ एवं धार्मिक क्रियाएं संपन्न कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि और प्राणी मात्र के कल्याण की मंगल कामना की। पूरे आयोजन के दौरान जैन मंदिर का वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भक्ति भाव से भगवान श्री शांतिनाथ की आराधना में लीन रहे।

समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि सोलह दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन पुण्यार्जक परिवारों की सहभागिता से श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया। नित्य नियम पूजन के साथ प्रातःकाल बृहद शांतिधारा, विधान मंडल पूजन, अभिषेक एवं अन्य धार्मिक क्रियाओं के माध्यम से भगवान की आराधना की गई। प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजन-पाठ में सहभागिता कर धर्मलाभ लिया। विधान के अंतिम दिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत हवन क्रिया संपन्न हुई। इसमें सोलह दिनों तक पुण्यार्जक के रूप में विधान में सहभागी रहे सभी परिवारों सहित समाज के श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लिया। हवन में आहुतियां अर्पित कर विश्व में शांति, मानव जीवन में सुख-समृद्धि, सभी जीवों के प्रति करुणा और समस्त प्राणियों के कल्याण की भावना व्यक्त की गई। धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुए समापन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे सोलह दिवसीय आयोजन की धार्मिक क्रियाएं एवं विधान की संपूर्ण प्रक्रिया पंडित मनोज पुजारी के मार्गदर्शन और निर्देशन में संपन्न हुई। उन्होंने विधि-विधान के अनुसार पूजन, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। समाजजनों ने सोलह दिनों तक निरंतर भक्ति भाव के साथ भगवान शांतिनाथ की आराधना की और धर्म, अहिंसा, शांति तथा विश्व कल्याण का संदेश आत्मसात किया।

फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज ने पहुंचाया बदमाशों को सलाखों के पीछे

बस यात्रियों से लूट करने वाले दो आरोपियों को 7-7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम के पास स्लीपर बस से यात्रियों को जबरन नीचे उतारकर उनके साथ मारपीट और लूटपाट करने वाले इंदौर के दो शातिर बदमाशों को सीहोर न्यायालय ने 7-7 साल के सश्रम कारावास की कड़ी सजा सुनाई है। इस पूरे अंधे अंधेरे में हुए सनसनीखेज मामले का खुलासा करने में फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज ने निर्णायक भूमिका निभाई, जिसकी बदौलत पुलिस अपराधियों तक पहुंच सकी। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं अपर लोक अभियोजक शाहना रईस ने बताया कि फरियादी अर्जुन मालवीय अपने साथियों रिहान मंसूरी, अयान मंसूरी, रियाज मंसूरी, कुलदीप मालवीय और सुमित मालवीय के साथ हैदराबाद से भोपाल पहुंचा था। वहां से वे सभी खातीजोड़ आष्टा जाने के लिए नादरा बस स्टैंड से इंदौर जाने वाली स्लीपर बस में सवार हुए थे। 3 दिसंबर 2025 की देर रात करीब 12.30 बजे जब बस इंदौर-भोपाल हाईवे पर कुबेरेश्वर धाम के पास रुकी, तभी दो अज्ञात युवक बस में चढ़े। उन्होंने यात्रियों के नाम पुकारकर अर्जुन और सुमित को कॉलर पकडक़र जबरन बस से नीचे उतार लिया। बदमाश दोनों पीड़ितों को काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर बैठाकर पास ही स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणाधीन सुनसान इमारत में ले गए। वहां आरोपियों ने प्लास्टिक के पाइप, घूंसे और थप्पड़ों से दोनों की बेरहमी से पिटाई की।

प्रमोद बोरसे नामदेव की अध्यक्षता में कार्यकारिणी गठित

संत नामदेव जयंती की तैयारियों को लेकर नामदेव समाज की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती इस वर्ष भी नामदेव समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी। आयोजन की तैयारियों और समाज की गतिविधियों को लेकर नामदेव समाज विकास परिषद की बैठक नवागत अध्यक्ष प्रमोद बोरसे नामदेव के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में हरदा, टिमरनी, सिराली, रहटगांव, भेरूंदा और मसनगांव सहित विभिन्न स्थानों से समाज के सदस्य शामिल हुए। समाज के मीडिया प्रभारी नारायण नामदेव ने बताया कि बैठक की शुरुआत संत शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित सदस्यों ने संत नामदेव महाराज के जयकारे लगाए। इसके बाद समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नवागत अध्यक्ष प्रमोद बोरसे नामदेव ने कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें मोहनलाल नामदेव सिराली को संरक्षक, सचिन सेठ नामदेव टिमरनी और विपिन नामदेव रहटगांव को उपाध्यक्ष, नारायण बोरसे नामदेव टिमरनी और नीरज नामदेव हरदा को सहसचिव बनाया गया। वहीं संतोष बोर्डसे नामदेव हरदा को सलाहकार और पत्रकार नारायण नामदेव को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया गया।

आयकर विभाग ने निबंध, पेंटिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताएं कराईं

प्रतियोगिता में 280 विद्यार्थियों ने लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को आयकर कार्यालय हरदा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष अभियान की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यप्रणाली में ईमानदारी और पारदर्शिता को मजबूत करना तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुबह 11 बजे आयकर कार्यालय हरदा के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस दौरान ईमानदारी, नैतिक आचरण और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

जन-जागरूकता गतिविधियों के तहत सनफ्लावर स्कूल हरदा, द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा, मदर्स लैप स्कूल हरदा, संस्कार पब्लिक स्कूल हरदा और नॉलेज पब्लिक स्कूल टिमरनी के सहयोग से सनफ्लावर स्कूल में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कक्षा छठवीं से आठवीं तक के लगभग 280 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। आयकर विभाग की ओर से सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सहयोग देने वाले स्कूलों के शिक्षकों को भी स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयकर विभाग की ओर से बताया गया कि तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 3 नवंबर को दोपहर 3 बजे आयकर भवन, हरदा में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न और उपहार देकर पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, नैतिक मूल्यों और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यशैली के महत्व से अवगत कराया गया। विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज के बीच ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संदेश पहुंचाना तथा बेहतर भविष्य के निर्माण में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंत में आयकर अधिकारी-1 हरदा ललन कुमार ने आयोजन में सहयोग देने वाले स्कूलों, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।